सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 112 | इंदौर, गुरुवार 06 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Quote...**

**मार्गशीर्ष मास प्रारंभ..**

“श्रीमद्भगवद्गीता अ.10 श्लोक 35 अंतर्गत भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, ‘मासानां मार्गशीर्षोऽहम्’ जिसका अर्थ है,’ मैं महीनों में मार्गशीर्ष हूँ।

कृष्ण की सीख - कभी कभी अपनी जगह बदलने से भी मुश्किलें टल सकती है...”

# राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ मनाएगी सरकार

## 7 नवंबर को प्रदेशभर में होंगे आयोजन, सीएम, मंत्री, विधायक और सांसद होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। भारत के राष्ट्रगीत ‘वंदे मातरम्’ के 150 साल पूरे हो रहे हैं। इस मौके पर मोहन सरकार और एमपी बीजेपी दस-दस जगहों पर बड़े आयोजन करेगी। इन कार्यक्रमों में वंदे मातरम् के पूरे गीत का गायन किया जाएगा।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बताया कि 7 नवंबर को बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम् गीत की 150वीं वर्षगांठ पर देशभर में समारोह होंगे। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने निर्देश दिए हैं कि इन 150 स्थानों पर प्रत्येक कार्यक्रम में कम से कम 150 लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने 7 नवंबर से 26 जनवरी तक चलने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने 7 नवंबर से 26 जनवरी तक चलने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।

### ● 26 जनवरी तक चलेंगे कार्यक्रम

हेमंत खंडेलवाल ने बताया कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर से 26 जनवरी तक लगातार कार्यक्रम चलेंगे। इस दौरान राष्ट्रव्यापी उत्सव भी होंगे।




हर जिले के हर शैक्षणिक संस्थान में कार्यक्रम होंगे। सरकारी स्तर पर भी सब जगह कार्यक्रम होंगे।

### ● सीएम भोपाल, विजयवर्गीय इंदौर में होंगे शामिल

भारतीय जनता पार्टी भी 7 नवंबर से 26 जनवरी तक कार्यक्रम आयोजित करेगी। पहला मुख्य कार्यक्रम 7 नवंबर को होगा, इसके साथ ही 10 स्थानों पर कार्यक्रम किए जाएंगे।

भोपाल के शौर्य स्मारक पर मुख्यमंत्री मोहन यादव, रीवा में डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल, नर्मदा पुरम में राव उदय प्रताप सिंह, मुरैना में ऐदल सिंह कंसाना, ग्वालियर में प्रद्युम्न सिंह तोमर, सागर में गोविंद सिंह राजपूत, शहडोल में दिलीप जायसवाल, जबलपुर में राकेश सिंह, इंदौर में कैलाश विजयवर्गीय, उज्जैन में गौतम टेटवाल शामिल होंगे।

### ● बीजेपी भी दस जगहों पर कार्यक्रम करेगी

खंडेलवाल ने कहा कि प्रदेश भाजपा कार्यालय सहित प्रदेश के 10 स्थानों पर पार्टी और समाज के लोगों की सहभागिता के साथ हमने कार्यक्रम तय किए हैं। 10 जगहों पर शासकीय स्तर पर और 10 स्थानों पर पार्टी स्तर पर कार्यक्रम होंगे।

1. प्रदेश भाजपा कार्यालय भोपाल
2. सेठानी घाट नर्मदा पुरम
3. शहीद रामप्रसाद बिस्मिल स्मारक मुरैना
4. रानी लक्ष्मीबाई बलिदान स्थल ग्वालियर
5. रानी लक्ष्मीबाई स्मारक स्थल सागर
6. शहीद स्मारक रीवा
7. शहीद स्मारक शहडोल
8. शहीद रघुनाथ शाह, शंकर शाह बलिदान स्थल जबलपुर
9. देवी अहिल्याबाई स्मारक स्थल इंदौर
10. महाकाल लोक परिसर उज्जैन

### ● मंत्री, सांसद विधायक होंगे शामिल

पार्टी स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में सांसद, विधायक और मंत्री भाग लेंगे। जैसा कार्यक्रम सरकारी स्तर पर होगा वैसा ही कार्यक्रम समाज के लोगों के साथ 10 स्थान पर होंगे। कार्यक्रमों में वंदे मातरम का पूर्ण गायन किया जाएगा। इसके साथ ही रंगोली, निबंध भाषण प्रतियोगिता और अन्य तरह की प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

---

**बिहार में वोटिंग के बीच लालू बोले-**

## तवे से रोटी पलटती रहनी चाहिए नहीं तो...



**पटना, (एजेंसी)** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में आज 18 जिलों की 121 सीटों पर वोटिंग हो रही है. इस सियासी जंग में कुछ खास सीटें हैं- तेजस्वी यादव की राघोपुर सीट, तेज प्रताप यादव की महुआ, और तारापुर, जहां से डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी चुनाव लड़ रहे हैं.

बिहार में पहले चरण के मतदान के बीच सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ‘तवा से रोटी पलटती रहनी चाहिए नहीं तो जल जाएगी. 20 साल बहुत हुआ ! अब युवा सरकार और नए बिहार के लिए तेजस्वी सरकार अति आवश्यक है.’

फोकस में रहने वाली दूसरी सीटें हैं- अलीनगर, जहां से सिंगर मैथिली ठाकुर बीजेपी टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं; डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा की लखीसराय; JDU के उम्मीदवार बाहुबली अनंत सिंह की मोकामा सीट, जिन्हें अपने विरोधी दुलार चंद यादव की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है और RJD के उम्मीदवार दिवंगत मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब की रघुनाथपुर सीट है. इसके अलावा, 122 सीटों पर वोटिंग दूसरे चरण में 11 नवंबर को होगी. चुनाव नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे.

चुनाव आयोग ने वोटिंग को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं और बूथों पर निगरानी के लिए कैमरे भी लगाए हैं. आयोग लाइव वेबकास्टिंग के जरिए सभी बूथों की निगरानी करेगा. चुनाव आयोग के मुताबिक, पहले चरण में तीन करोड़ से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 1.98 करोड़ पुरुष, 1.76 करोड़ महिलाएं और थर्ड जेंडर शामिल हैं. इस चरण में कई बड़े दिग्गजों की किस्मत का फैसला होगा.

---

# इंदौर के आसमान में अब 'ड्रोन' का पहरा, चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में बढ़ते अपराधों पर लगाम कसने और पुलिसिंग को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए इंदौर पुलिस ने एक नई पहल शुरू की है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने असामाजिक तत्वों और बदमाशों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए ड्रोन का उपयोग करने के सख्त निर्देश दिए हैं।**



पुलिस कमिश्नर के अनुसार, इस कदम का मुख्य उद्देश्य अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाना है। शहर के कई 'हॉटस्पॉट' व 'शैडो एरिया' (अंधेरे या सुनसान इलाके) ऐसे हैं, जहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। इन क्षेत्रों में पारंपरिक पेट्रोलिंग के साथ-साथ आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस का फोकस विशेष रूप से उन स्थानों पर है, जहां अवैधानिक गतिविधियों की आशंका सबसे अधिक होती है। इनमें सुनसान इलाके, शराब की दुकानें, पान/सिगरेट की गुमटियों के आसपास के क्षेत्र, खाली मैदान और गार्डन शामिल हैं। ड्रोन के माध्यम से इन सभी जगहों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

निर्देशों के पालन में, बीती रात नगरीय जोन 2 व 3 की पुलिस टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में ड्रोन से सघन पेट्रोलिंग और चेकिंग की। इस दौरान टीमों ने तंग गलियों और मोहल्लों में भी ड्रोन से बारीकी से निगरानी की और कई संदिग्धों से पूछताछ भी की गई। पुलिस कमिश्नरेट की टीमों का मानना है कि ड्रोन पेट्रोलिंग से संदिग्ध व्यक्तियों और उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सकती है। इससे पुलिस को रियल-टाइम जानकारी मिलेगी, जिससे अपराधियों पर अधिक प्रभावी नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। इस कदम से शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है।

● देव दीपावली पर्व पर कलेक्टर ने खजराना श्री गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया

# सिंहस्थ के पहले खजराना मंदिर का विस्तार किया जाएगा

## इंदौर की खुशहाली के लिए प्रार्थना की, अन्न क्षेत्र का अवलोकन भी किया





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली पर्व पर कलेक्टर शिवम वर्मा खजराना गणेश मंदिर पहुँचे। उन्होंने खजराना मंदिर में श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना, अभिषेक और आरती कर आशीर्वाद लिया। कलेक्टर श्री वर्मा ने श्री गणेशजी से इंदौर की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव एवं अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया भी साथ थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने खजराना श्री गणेश को छप्पन भोग लगाया, उसके बाद अन्न क्षेत्र का अवलोकन भी किया।**

कलेक्टर श्री वर्मा ने खजराना श्री गणेश मंदिर स्थित अन्न क्षेत्र में भक्तों के साथ भोजन प्रसादी ग्रहण की। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि सिंहस्थ को देखते हुए खजराना श्री गणेश मंदिर का विस्तार किया जाएगा, ताकि एक साथ बड़ी संख्या में भक्तजन सुविधापूर्वक दर्शन कर सकें। खजराना मंदिर के पुजारी श्री भट्ट परिवार ने सम्पूर्ण मंदिर परिसर का अवलोकन कराया और सिंहस्थ के पहले किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि खजराना श्री गणेश मंदिर में स्थित अन्न क्षेत्र में भक्तों को प्रतिदिन निःशुल्क भोजन कराया जाता है। अन्न क्षेत्र सुबह 11 बजे से शुरू होता है, जो रात्रि तक खुला रहता है। प्रतिदिन हजारों भक्त प्रसादी ग्रहण करते हैं। देव दीपावली पर्व पर बुधवार को पूड़ी, बूंदी और मिक्स सब्जी की प्रसादी बनायी गई थी।

# कलेक्टर श्री वर्मा ने भेरूघाट का किया निरीक्षण

## सड़क सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिए निर्देश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा बुधवार को अपने ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान खंडवा रोड़ के भेरूघाट पहुंचे। उन्होंने हाल ही में यहां हुई सड़क दुर्घटना स्थल का अवलोकन किया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस क्षेत्र में ऐसी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो। कलेक्टर श्री वर्मा ने यह भी कहा कि खंडवा रोड पर ऐसे अन्य स्थानों को भी चिन्हित किया जाए, जहां दुर्घटनाओं की आशंका अधिक है और वहां आवश्यक सुरक्षा उपाय तत्काल किए जाएं। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन एवं एसडीएम मह राकेश परमार भी मौजूद रहे।

## चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**इंदौर।** जिले में ग्राम भीलबडोली के राधेश्याम पिता भूधरसिंह की आकाशीय बिजली गिरने से हुई मृत्यु पर उनके परिजन देवकन्या बाई पति राधेश्याम को मध्यप्रदेश राजस्व पुस्तक तथा संशोधित प्रावधान के अंतर्गत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता मंजूर की गई है। यह सहायता राशि एसडीएम देपालपुर आर.एम. त्रिपाठी ने स्वीकृत की है।

## मंडी में किसानों को 5 रुपए में मिलेगा भोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एक तरफ विभिन्न प्रोजेक्टों के लिए अधिगृहीत की जा रही जमीनों के विरोध में किसान आंदोलन कर रहे हैं तो दूसरी तरफ कल जनसुनवाई में अपनी समस्या का समाधान होने पर कलेक्टर शिवम वर्मा को साफा पहनाकर और पुष्पगुच्छ के साथ अभिनंदन किया गया। कलेक्टर ने पिछले दिनों सांवेर कृषि उपज मंडी के निरीक्षण के दौरान मिली समस्याओं का तुरंत निराकरण करवाया और रियायती दर पर 5 रुपए में रियायती भोजन के साथ विश्रामगृह में ठहरने की व्यवस्था करवाई और शुद्ध पानी के लिए आरओ प्लांट भी लगवा दिया। दूसरी तरफ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और उसके उत्पादों को बिकवाने के लिए ग्रामीण हाट बाजार में भी व्यवस्था की जा रही है।

# 12 किलोमीटर होगा इंदौर मेट्रो का अंडरग्राउंड रूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में मेट्रो प्रोजेक्ट की सारी डिजाइन तय होने और काम शुरू होने के बाद मध्य हिस्से के अंडरग्राउंड रूट में बदलाव की तैयारी के कारण इस परियोजना का काम और पिछड़ सकता है, साथ ही लागत भी बढ़ेगी। इंदौर में मेट्रो का रूट करीब 12 किलोमीटर लंबा रूट अंडरग्राउंड होगा। इस कारण प्रोजेक्ट की लागत एक हजार करोड़ रुपये बढ़ जाएगी।**



इंदौर के विकास को लेकर हुई बैठक में मेट्रो ट्रेन का रूट खजराना से बड़ा गणपति तक अंडरग्राउंड करने का निर्णय लिया गया। पहले इंदौर में मेट्रो रूट का अंडरग्राउंड हिस्सा 8.7 किलोमीटर था, लेकिन यदि बदलाव होता है तो अब अंडरग्राउंड हिस्सा 12 किलोमीटर हो जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भले ही यह कहा कि रूट के बदलाव में जो लागत बढ़ेगी, उसकी भी व्यवस्था की जाएगी, लेकिन इससे डिजाइन में बड़ा बदलाव करना होगा और स्टेशनों में भी बदलाव होगा, जबकि केंद्र सरकार की तरफ से स्टेशनों का नोटिफिकेशन हो चुका है और प्रशासन ने जरूरत के हिसाब से जमीन भी आवंटित की है। बदलाव के बाद नए सिरे से सर्वे होगा, फिर डिजाइन में बदलाव के बाद कैबिनेट बैठक में इस बारे में अनुमति लेना होगी। इसके बाद केंद्र सरकार से भी मंजूरी मिलेगी। फिर काम नए सिरे से शुरू होगा। मेट्रो ट्रैक की प्लानिंग में बदलाव के कारण अब एक हजार करोड़ रुपये ज्यादा खर्च होंगे। अभी मेट्रो प्रोजेक्ट की लागत पंद्रह हजार करोड़ है। बदलाव के बाद लागत और बढ़ेगी। मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट पूरा होने में भी देरी होगी। इसके अलावा अंडरग्राउंड हिस्से में अलग से मिट्टी परीक्षण व अन्य परीक्षण होंगे। बंगाली चौराहे वाले हिस्से से अब मेट्रो ट्रेन अंडरग्राउंड होगी। शहर का यह हिस्सा पथरीला है। यहां निर्माण में भी ज्यादा समय लग सकता है।

### इंदौर मेट्रो ट्रेन फैक्ट फाइल

- इंदौर में मेट्रो का रूट 31 किलोमीटर का है। सुपर कॉरिडोर से रिंग रोड, एमजी रोड, एरोड्रम रोड होते हुए ट्रेन एयरपोर्ट तक जाएगी।
- इंदौर मेट्रो एयरपोर्ट, दो बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन को कवर करेगी। शहर के मध्य हिस्से के ट्रैफिक को कम करने में मददगार साबित होगी।
- हर 30 मिनट के अंतर से मेट्रो ट्रेन चलेगी। शहर में कुल 28 स्टेशनों से ट्रेन गुजरेगी। फिलहाल 15 जगह स्टेशनों का काम चल रहा है।
- 20 से लेकर 80 रुपये तक मेट्रो ट्रेन का किराया होगा। मेट्रो ट्रेन कार्पोरेशन ने किराए के लिहाज से मेट्रो रूट को पांच जोन में बांटा है।
- मेट्रो ट्रेन का संचालन सुबह आठ बजे से शुरू होगा और रात आठ बजे तक चलेगी। फिलहाल मेट्रो का संचालन सात किलोमीटर हिस्से में होगा। यहां मेट्रो का किराया अधिकतम 30 रुपये होगा।
- 20 से ज्यादा मेट्रो ट्रेन का संचालन होगा। एक ट्रेन में साढ़े चार सौ यात्री सवार हो सकेंगे। बैठने के अलाए खड़े रहकर सफर करने में भी आसानी होगी।

‘ऐडिकॉन 2025’ अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

# मोबाइल की लत समाज के लिए नया खतरा बनकर उभरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मनोस्वास्थ्य और व्यसन की बढ़ती चुनौतियों पर केंद्रित ‘ऐडिकॉन 2025’ का शुभारंभ 5 नवंबर इंदौर के प्राइड होटल एंड कंवेंशन सेंटर में हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन इंदौर मेयर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया, पद्मश्री जनक पलटा, विशेष अतिथि गौरी सिंह चांसलर, डॉ. अतुल अंबेडकर (सचिव, इंडियन एसोसिएशन, एडिक्शन साइकाइट्रिक एवं प्रो. राष्ट्रीय नशा मुक्ति केंद्र आल इंडिया ऑफ नई दिल्ली) ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा नशा अब केवल पदार्थों तक सीमित नहीं रहा। मोबाइल की लत समाज के लिए नया खतरा बनकर उभरी है। ऐसे सम्मेलन समाज को जागरूक करने के साथ समाधान की दिशा भी दिखाते हैं।

पहले सेशन में डॉ. सविता मल्होत्रा (पूर्व प्रेसीडेंट इंडियन साइकाट्रिक सोसायटी) ने बच्चों और युवाओं व्यसन पर अपने विचार रखे। मनोचिकित्सक डॉ. कौस्तुभ बागुल के हालिया वैज्ञानिक शोध ने मोबाइल फोन की लत को लेकर खतरे की घंटी बजा दी है। लगभग 500 प्रतिभागियों पर किए गए अध्ययन में यह पाया गया कि 73% लोग मोबाइल फोन की लत के शिकार हैं। 80% प्रतिभागियों में ‘साइलेंट डिप्रेशन’ के लक्षण और नींद से जुड़ी गंभीर समस्याएं सामने आई है। डॉ. बागुल ने कहा आपका स्मार्टफोन एक खामोश हत्यारे की तरह आपकी नींद और मानसिक स्वास्थ्य को निगल रहा है। अब वक्त है इस लत को पहचानने और समय रहते परामर्श लेने का, वरना यह समस्या मानसिक महामारी बन सकती है। दूसरे सेशन में में डॉ. वर्चस्वी मुद्गल और उनकी टीम ने मानसिक रोगियों में तंबाकू की लत पर शोध के नतीजे साझा किए। उन्होंने बताया कि 200 से अधिक मरीजों पर किए गए इस अध्ययन में पाया गया कि 49% मानसिक रोगी तंबाकू (निकोटिन) की लत से ग्रस्त हैं। सकारात्मक बात यह रही कि 68% मरीज इसे छोड़ने पर विचार कर रहे हैं और 42% ने इसे छोड़ने की इच्छा जताई है।

# ऑइल पेंट बनाने वाली फैक्ट्री में आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शहर के नजदीक धार रोड पर ऑइल पेंट बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फायर ब्रिगेड अफसर और कर्मचारी आग लगने के कारणों का पता लगा रहे हैं। एक सप्ताह में इंदौर में आग लगने का यह दूसरा मामला है।

इससे पहले शनिवार को आरआर कैट रोड पर थिनर बनाने वाले फैक्ट्री में दो महिलाओं की जलकर मौत हो गई थी। फायर ब्रिगेड के मुताबिक उन्हें आग



लगने की सूचना मिलते ही अलग-अलग फायर स्टेशन से पांच टैंकर रवाना किए गए। आग कलर पेंट बनाने वाली ऑइल फैक्ट्री में लगी थी। आग बुझने के बाद मौके पर एक टैंकर खड़ा कर रखा है। बिजली कंपनी ने भी सप्लाय बंद कर दी थी। आग फैक्ट्री के गोडाउन में रखा था। इस वजह से यहां पर कोई कर्मचारी नहीं था। इतना ही नहीं आसपास की फैक्ट्रियों को भी खाली करा लिया गया था। चंदन नगर पुलिस का कहना है कि फैक्ट्री में आगे की ओर मैन्युफैक्चरिंग की जा रही थी। इसलिए आग लगने की सूचना मिलते ही सभी को बाहर निकाल लिया था। पुलिस का कहना है कि आग की वजह से भूसा और लकड़ी के गोडाउन भी आग से जल गए थे।

# पानी की लाइन डैमेज मंदिर में भराया पानी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पश्चिम क्षेत्र में एक रणजीत हनुमान मंदिर में नर्मदा का पानी भरा गया। मंदिर परिसर के अगले हिस्से में पानी भरा गया, जिसके चलते वहां आए भक्त भी हैरत में पड़ गए। बताया जा रहा है कि मंदिर में काम चल रहा था, इस दौरान नर्मदा की लाइन डैमेज हो गई थी।**

रात में जब पानी की सप्लाई शुरू की गई तो लाइन से पानी बाहर आ गया और मंदिर परिसर में भरा गया। जानकारी मिलने पर निगम के अधिकारियों ने पानी की सप्लाई बंद कराई। बता दे कि मंगलवार को बड़ी संख्या में भक्त मंदिर में भगवान के दर्शन करने के लिए आते है। मामला मंगलवार रात का है। निगम अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक मंदिर में निर्माण काम चल रहा है। दिन में यहां पर काम किया जा रहा था। संभवतः इस दौरान नर्मदा की लाइन डैमेज हो गई। रात में जब नर्मदा के पानी की सप्लाई शुरू हुई तो डैमेज लाइन में से पानी मंदिर परिसर में आना शुरू हो गया और देखते ही देखते ही मंदिर परिसर में जहां से भक्तों की एंट्री होती वहां पर पंजों तक पानी भरा गया। मंदिर में पानी भराते देख वहां आए भक्त भी आश्चर्य में पड़ गए। निगम के अधिकारियों ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद पानी की सप्लाई को बंद कराया गया है। बुधवार सुबह इसका सुधार काम कराया ताकि पानी की सप्लाई सुचारू हो सके।

# खाली प्लॉट पर कचरा फेंकने पर होगी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एलआईजी लिंक रोड पर मंगलवार जहां 140 मकानों के हिस्से तोड़ने की कार्रवाई की गई थी, वहां बुधवार को नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव अधिकारियों के साथ पहुंचे। उन्होंने मौके पर अतिरिक्त वाहन लगाकर मलबा जल्द उठाने के निर्देश दिए। साथ ही पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने और बिजली पोलों की शिफ्टिंग करने के भी निर्देश दिए।**

यहां से आयुक्त वार्ड क्रमांक 37 स्थित राधिका कुंज कॉलोनी पहुंचे। यहां खाली प्लॉट पर कचरा और गंदगी देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और जिम्मेदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद आयुक्त वार्ड क्रमांक 30 और 31 स्थित स्वर्णबाग कॉलोनी और अनुराग नगर पहुंचे। यहां सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिलने पर क्षेत्रीय दरोगा विजय सोनवाले को फटकार लगाई और सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से हटाने के आदेश दिए। साथ ही इलाके में विशेष सफाई अभियान चलाने और कचरा-गंदगी तुरंत उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्थानीय रहवासियों से सफाई व्यवस्था, बैकलेन सफाई, पानी की सप्लाई और ड्रेनेज लाइन की स्थिति के बारे में बातचीत की। पानी की पाइपलाइन डालने के बाद रेस्टोरेशन कार्य ठीक नहीं मिलने पर



संबंधित उपयंत्री को फटकार लगाई और काम जल्द पूरा करने के लिए कहा।

अनुराग नगर स्थित शरद चंद्र मेहता गार्डन और वर्धमान विद्यासागर वाटिका में चल रहे विकास कार्य और सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने गार्डन में कचरा फेंकने वालों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद वे बर्फानी धाम परिसर पहुंचे और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने क्षेत्रीय दरोगा और एचएमएस एनजीओ संस्था के प्रतिनिधियों को स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अभय राजनगांवकर, कार्यपालन यंत्री संजीव श्रीवास्तव, स्वास्थ्य अधिकारी, उपयंत्री और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिम से लौटा युवक हार्टअटैक से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। जिम से लौटने के बाद एक युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। युवक ने जिम के बाद हाफ फ्राय अंडा खाया था, जिसके बाद उसे एसिडिटी और घबराहट महसूस हुई। मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र का है। मृतक की पहचान संदीप (32) पुत्र श्याम सोनगिरा, निवासी सुखलिया ग्राम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार रात करीब 9 बजे जिम से लौटने के बाद संदीप अपनी दुकान पहुंचा और वहां हाफ फ्राय खाया। कुछ देर बाद जब वह घर लौटा, तो उसे एसिडिटी और बेचैनी महसूस होने लगी। छोटे भाई प्रदीप सोनगिरा ने बताया कि संदीप ने सीने में जलन और घबराहट की शिकायत की, तो वह उसे बाइक से डॉक्टर के पास ले जाने लगा। रास्ते में ही संदीप बेहोश होकर गिर पड़ा। उसे तत्काल भंडारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि की। बाणगंगा पुलिस के अनुसार, संदीप की मौत के मामले में बुधवार को मर्ग कायम किया गया है। शव का पोस्टमॉर्टम एमवाय अस्पताल में कराया गया है। परिजनों ने बताया कि संदीप खातीपुरा इलाके में "जय पान सदन" और एग फ्रेश की दुकान संचालित करता था। वह फिटनेस को लेकर काफी सजग था और रोज जिम जाता था। संदीप के परिवार में माता-पिता, छोटा भाई, पत्नी और दो बच्चे हैं। तीन माह पहले ही उसकी बेटी का जन्म हुआ था।

# पशु चिकित्सक वडोदरा के पास गाड़ी में बेहोश मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के पशु चिकित्सक हरिशंकर रघुवंशी (48 साल) लापता हो गए थे। 12 घंटे बाद वे वडोदरा के पास अपनी गाड़ी में बेहोश मिले हैं। परिजन उन्हें लेने वडोदरा के लिए रवाना हो गए हैं।**

रघुवंशी गुजरात के आणंद स्थित आईबी कंपनी में काम करते थे। इसलिए वे अक्सर गुजरात जाते थे। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि वे मंगलवार सुबह घर से कंपनी की कार जीजे21सीए0643 में निकले थे। लेकिन वे शाम तक गुजरात नहीं पहुंचे। परिवार की शिकायत पर लसूड़िया पुलिस ने बुधवार दोपहर गुमशुदगी का केस दर्ज किया गया। वहीं देर शाम को खबर आई है कि वे वडोदरा में मिल गए हैं। बताया जा रहा है कि वे अपनी गाड़ी के अंदर बेहोश पाए गए हैं। बेटी शोभा रघुवंशी ने बताया कि पिताजी मंगलवार सुबह महालक्ष्मी नगर स्थित घर से निकले थे। लेकिन वे बुधवार सुबह तक नहीं लौटे। उनकी आखिरी लोकेशन मुंबई में आई थी। इसके बाद उनसे संपर्क नहीं हो पाया। उनका मोबाइल भी बंद आ रहा है। शिकायत के बाद लसूड़िया पुलिस ने टीम गठित की और उनकी तलाश शुरू कर दी। उनकी लिंक लोकेशन के लिए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए। दंडोतिया ने बताया कि उनके साथ एक युवक जाता दिखाई दे रहा है, लेकिन परिजन उसे नहीं पहचानते।

**एमडी ड्रग्स को जब फोरेंसिक लेबोरेटरी ने पोटेशियम नाईट्रेट पाया**

# यूरिया में बदली ड्रग जांच पर शक...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। पुलिस ने जो एमडी ड्रग जब्त की है, वह कोई मादक पदार्थ नहीं यूरिया निकला है। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब पुलिस की लैब में इसकी जांच रिपोर्ट सामने आई। इस रिपोर्ट को कोर्ट के सामने भी रखा गया। रिपोर्ट सामने आने के बाद पुलिस की नींद उड़ गई और अब इसे जांच के लिए केंद्रीय एजेंसी को सौंपने का निर्णय लिया जा रहा है।

एमडी ड्रग कांड ने पूरे शहर के पुलिसकर्मियों की नींद उड़ा दी थी। अफसरों ने इसके बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई कर क्राइम ब्रांच और थानों के पुलिसकर्मियों को जांच के घेरे में लिया। कुछ को थानों से हटाकर लाइन अटैच कर दिया। पूरे प्रकरण की हवा तब निकल गई जब पूरे ऑपरेशन में जब्त की गई एमडी ड्रग की जांच एक यूरिया केमिकल के रूप में सामने आई। मामले में आजाद नगर थाने के एक पुलिसकर्मी को आरोपी भी बना दिया गया, लेकिन जांच रिपोर्ट के बाद उसके निर्दोष होने के चांस बन गए हैं। कोर्ट ने इस मामले में त्वरित टिप्पणी भी की है। पूरा वाक्या आजादनगर में पूर्व आईपीएस करण सिंह के नेतृत्व में हुई कार्रवाई से जुड़ा है। इसमें थाना तेजाजी नगर ने कार्रवाई की थी।

26 फरवरी 2025 को थाने के सब इंस्पेक्टर मनोज दुबे, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र परिहार, अभिनव शर्मा, आरक्षक गोविंदा, आरक्षक दिपेन्द्र राणा के साथ कंट्रोल रूम से वायरलेस पर सूचना मिलने पर संदिग्धों की चेकिंग करने के लिए एबी रोड बायपास पर कस्तूरबा ग्राम पहुंचे। यहां रोड किनारे दो व्यक्ति बाइक पर संदिग्ध अवस्था में बैठे दिखे थे। पुलिस वाहन को देखकर दोनों भागने लगे। पुलिस फोर्स की मदद से उन्हें पकड़ा गया तो उन्होंने अपना नाम विजय जिला मंदसौर और दूसरे ने मोहम्मद शाहनवाज निवासी आजाद नगर बताया। तलाशी लेने पर शाहनवाज की जेब से कुछ पाउडरनुमा संदिग्ध पदार्थ पाया गया था। मादक पदार्थ को बरामद कर पंचनामा बनाया, जिसमें 198 ग्राम अवैध एमडी ड्रग जिसकी कीमत 2 करोड़ रुपए बताकर पुलिस ने आरोपियों को धारा 8/22 के तहत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शाहनवाज के मेमोरेंडम के आधार पर आजाद नगर थाने के कोर्ट मुंशी लखन गुप्ता की उक्त अपराध में उसकी संलिप्तता और संरक्षण होना पाया।

# कार्तिक पूर्णिमा पर दीपदान से जगमग हुई शिप्रा नदी

## उज्जैन पहुंचकर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाए दीप, महाकाल मंदिर भी जगमगाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन में बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के पर्व पर सुबह शिप्रा नदी पर स्नान दान पुण्य हुआ तो वही शाम को बड़ी संख्या में महिलाएं नदी में दीपदान करने पहुंची। लाखों दीपक से शिप्रा नदी का किनारा जगमग हो गया। दीपदान से शिप्रा नदी का नजारा मनमोहक दिखाई दे रहा था। यहां पर दीपदान के बाद श्रद्धालुओं ने दान पुण्य भी किया। वहीं महाकाल मंदिर परिसर में भी भक्तों ने दीप जलाए। महाकाल मंदिर परिसर भी दीपों से जगमगा उठा।**



कार्तिक पूर्णिमा पर देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दीपदान करने उज्जैन पहुंचे। मान्यता है कि पितरों का दोष, अतृप्त आत्मा का प्रभाव या प्रेत श्रापित दोष से मुक्त होने के लिए कार्तिक पूर्णिमा पर नदियों में स्नान और पिंडदान करते हैं। पंडित अमर डब्बावाला ने बताया कि पुराणों में हर पर्व का महत्व बताया गया है। शास्त्रों में कार्तिक पूर्णिमा पर पितरों की पितरों की विशेष तिथि बताई गई है। दीपदान करने से यम की यातना से मुक्ति के लिए दीप दान करने की मान्यता के चलते देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए और दीप जलाकर मां शिप्रा को अर्पित करते हैं।

शाम चार बजे से भक्त शिप्रा नदी में दीपदान के लिए पहुंचने लगे थे। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए घाटों पर बचाव दल तैनात किया गया था। एसडीईआरएफ और होमगार्ड के जवानों ने श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकते रहे।

महिला श्रद्धालु कृष्णा पटवा ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर दीपदान करने का अपना महत्व है। प्रतिवर्ष हम लोग यहां दीपदान करने के लिए आते हैं साथ ही इस दौरान दानपुण्य भी किया जाता हैं।

# ट्रॉले में पीछे से घुसी बाइक, 4 की मौत


**डिंडौरी, एजेंसी।** एक बाइक आगे चल रहे ट्रॉले में घुस गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। इनमें बाइक चालक, दो महिलाएं और 14 साल का बच्चा शामिल है। बताया जा रहा है कि तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि बच्चे की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। ये हादसा बुधवार दोपहर करीब 3.30 बजे शहपुरा थाना क्षेत्र के कोहानी देवरी के पास जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे पर हुआ।पुलिस के अनुसार- ट्रॉला (एमपी 04 जीबी 2944) शहपुरा से जबलपुर की ओर जा रहा था। पीछे से आ रही बाइक पर चार लोग सवार थे, जो ट्रॉले से टकरा गए। थाना प्रभारी अनुराग जामदार ने बताया कि ट्रॉले का ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।




# किसानों को हर हाल में मिलेगी 10 घंटे बिजली आदेश हुआ निरस्त... सीजीएम को हटाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अन्नदाता किसानों का हित सरकार के लिए सर्वोपरि है। किसानों के कल्याण और हित संरक्षण के लिए राज्य सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्धता रखती है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को मीडिया को जारी अपने संदेश में स्पष्ट किया कि प्रदेश के किसानों को हर हाल में 10 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।डॉ. यादव ने कहा कि जिस सर्क्यूलर को लेकर जनसामान्य और किसानों के बीच भ्रम की स्थिति बनी थी, उसे तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।**



साथ ही इस विवादित सर्कुलर को जारी करने वाले सीजीएम अजय कुमार जैन को हटा दिया हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक संवेदनशील और किसान हितैषी सरकार कार्यरत है, जो किसानों की तकलीफों को समझते हुए उनके हित में लगातार निर्णय ले रही है। सरकार का लक्ष्य किसानों की आमदनी बढ़ाने, सिंचाई और बिजली की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने का है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोहराया कि अन्नदाता की समृद्धि ही प्रदेश की समृद्धि है। किसानों को किसी भी स्थिति में असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। बता दें मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने कृषि फीडरों पर 10 घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति करने पर सख्त रुख अपनाते हुए चेतावनी जारी की थी। मुख्य महाप्रबंधक (सेवा-सेवाएं) आरएस जैन द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि यदि किसी माह में कृषि फीडरों पर निर्धारित अवधि से अधिक बिजली आपूर्ति दी गई, तो संबंधित ऑपरेटर से लेकर महाप्रबंधक (जीएम) स्तर तक के अधिकारियों का वेतन काटा जाएगा। इसके बाद विपक्ष ने किसानों के लिए बिजली नहीं होने का मुद्दा बनाते हुए सरकार को घेरना शुरू कर दिया था। इस बीच कंपनी की तरफ से स्पष्टीकरण भी जारी किया था। हालांकि अब कंपनी ने संबंधित आदेश को निरस्त कर दिया है।

# चेन व मोबाइल स्नैचिंग पर प्रभावी अंकुश

## शांति व्यवस्था बनाए रखने में मध्यप्रदेश पुलिस की सक्रिय भूमिका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने और आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस संपत्ति संबंधी अपराधों, खासकर चेन व मोबाइल स्नैचिंग जैसी घटनाओं पर लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। हाल ही में कटनी, इंदौर, नीमच एवं गुना पुलिस की त्वरित कार्यवाहियों में कई शातिर अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं, जिन्होंने महिलाओं और आम नागरिकों को निशाना बनाकर वारदातों को अंजाम दिया था।





**इंदौर में दो शातिर चैन स्नैचर गिरफ़्तार 5 लाख का माल बरामद-** शहर में स्नैचिंग पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कनाडिया पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा है, जो खुद को छात्र बताकर सुनसान इलाकों में अकेली महिलाओं से चेन झपटते थे। पुलिस ने उनके पास से तीन थानों की वारदातों में लूटी गई सोने की चेन व आभूषण लगभग 5 लाख मूल्य के बरामद किए हैं। थाना प्रभारी डॉ. सहर्ष यादव के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में पुलिस टीम की भूमिका सराहनीय रही।

**नीमच में स्नैचर और सुनार गिरफ्तार, तीन सोने की चेन बरामद-** नीमच पुलिस ने लगातार हो रही चेन स्नैचिंग घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी जयेश उर्फ जीतू मालवीय और चोरी का माल खरीदने वाले सुनार राजेश सोनी को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन सोने की चेन और वारदात में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई ने महिलाओं से संबंधित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया है।

**कटनी में झपटमार गिरफ्तार, सोने के लॉकेट बरामद-** बरही थाना पुलिस ने चेन स्नैचिंग की घटना के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे सोने के पाँच लॉकेट, कुल लगभग 50,000 मूल्य के, बरामद किए हैं। यह कार्रवाई थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में की गई, जिसमें एएसआई दिनेश गौतम और एएसआई राजेश कोरी का योगदान महत्वपूर्ण रहा। ऐसे अपराध समाज की सुरक्षा भावना को प्रभावित करते हैं। मध्यप्रदेश पुलिस नागरिकों को आश्वस्त करती है कि महिलाओं एवं आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य में इस प्रकार के अपराधों पर पूर्ण अंकुश के लिए निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने सभी पुलिस आयुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और फील्ड अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपराधियों के विरुद्ध सघन सर्चिंग, पेट्रोलिंग और तकनीकी निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि प्रदेश में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

● पुलिस कर्मियों के लिए कल्याण की नई मिसाल

# कठिन समय में सुरक्षा और सम्मान की गारंटी




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय की कल्याण शाखा द्वारा पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के आर्थिक कल्याण के उद्देश्य से लागू की गई पुलिस वेतन पैकेज योजना का लाभ अब प्रदेश के अनेक परिवारों तक पहुंच रहा है। इसी क्रम में धार जिले की स्व. रूपचंद पाटिल की नामिनी श्रीमती सजन बाई को 1 करोड़ रुपये की आकस्मिक मृत्यु लाभ राशि प्रदान की गई है।**

धार में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी ने श्रीमती सजन बाई को यह राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रत्येक पुलिसकर्मी के परिवार के लिए कठिन समय में संबल और सुरक्षा का आधार है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सेवा के दौरान हर पुलिसकर्मी को सुरक्षा और सम्मान दोनों की गारंटी मिले। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री मनीष दास ने बताया कि 24 दिसंबर को मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय और एसबीआई के बीच संपन्न हुए एमओयू के तहत सभी पुलिस कर्मियों को पुलिस वेतन पैकेज खाता के जरिए अनेक वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## संपादकीय


# भारत और जापान की हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति बड़ी जिम्मेदारी

क्वाड समिट को लेकर अनिश्चितता के बीच, विदेश मंत्री जयशंकर ने जापान के साथ भारत की पार्टनरशिप के महत्व पर जोर दिया है। विदेश मंत्री का कहना है कि दो बड़े लोकतंत्र और समुद्री देश होने के नाते, उनकी इंडो-पैसिफिक के प्रति बड़ी जिम्मेदारी है। 8वें भारत-जापान इंडो-पैसिफिक फोरम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह पार्टनरशिप इंडो-पैसिफिक में स्ट्रेटेजिक स्थिरता बढ़ाने और ग्लोबल आर्थिक स्थिरता में भी योगदान देती है। जयशंकर ने कहा कि एक स्वतंत्र और खुला इंडो-पैसिफिक बनाए रखना एक बड़ी जरूरत है, लेकिन यह एक अधिक मुश्किल चुनौती भी है। हालांकि, जयशंकर ने क्वाड का जिक्र नहीं किया। भारत और जापान ने इंडो-पैसिफिक में सहयोग बढ़ाने पर फोकस जारी रखा है, टोक्यो ने क्वाड के प्रति अपनी कमिटमेंट पर जोर दिया है, जबकि डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों ने इस ग्रुप के समिट के बारे में शक पैदा कर दिया है, जिसे भारत आने वाले समय में होस्ट करना चाहता है। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के पदभार ग्रहण करते ही उनसे फोन पर बातचीत करना इस बात का प्रमाण है कि दोनों पक्ष संबंधों को कितनी प्राथमिकता देते हैं। अगस्त में प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा ने अगले दशक के संयुक्त दृष्टिकोण को महत्वपूर्ण रूप से रेखांकित किया। अगले 10 वर्षों में 10 ट्रिलियन येन का निवेश लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में, भारत-जापान साझेदारी को अपनी सप्लाई चेन को मजबूत करने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टरों, महत्वपूर्ण खनिजों, क्लीन एनर्जी और अंतरिक्ष में निवेश करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दो प्रमुख लोकतंत्रों और समुद्री राष्ट्रों के रूप में, भारत और जापान की हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति बड़ी जिम्मेदारी है। हिंद-प्रशांत महासागर पहल हमारे योगदान को आगे बढ़ाने की क्षमता रखती है।

**अर्ज़ किया है..!**

*हर आँख में थी*
*टूटते लम्हों की तिश्नगी*
*हर जिस्म पे था*
*वक़्त का साया पड़ा हुआ*

*-आदिल मंसूरी*



*आपके विचार और भावनाएँ आपकी रचना हैं। उनके साथ आपका लगाव और उलझाव भी आपकी ही रचना है।*

**- जग्गी वासुदेव**

## धर्म-कर्म

# 14 या 15 नवंबर उत्पन्ना एकादशी कब है?

## जानें डेट, पूजन व व्रत पारण का मुहूर्त



**हिंदू धर्म ग्रंथों में एकादशी तिथि का विस्तार से वर्णन मिलता है। एकादशी व्रत जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित है। हर महीने दो और साल में कुल 24 एकादशी व्रत किए जाते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को उत्पन्ना एकादशी व्रत कहा गया है। मान्यता है कि एकादशी का व्रत उत्पन्ना एकादशी से शुरु करना चाहिए। कहा जाता है कि इस दिन ही माता एकादशी का जन्म हुआ था, जिन्होंने भगवान विष्णु के शरीर से उत्पन्न होकर मूर नामक राक्षस का वध किया था। जानें नवंबर में उत्पन्ना एकादशी कब है, पूजन व व्रत पारण का मुहूर्त।**

### ● उत्पन्ना एकादशी कब है 2025

हिंदू पंचांग के अनुसार, एकादशी तिथि 15 नवंबर 2025 को देर रात 12 बजकर 49 मिनट पर शुरू होगी और 16 नवंबर को देर रात 02 बजकर 37 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि में उत्पन्ना एकादशी व्रत 15 नवंबर 2025, शनिवार को रखा जाएगा।

### ● उत्पन्ना एकादशी का महत्व और व्रत का फल

उत्पन्ना एकादशी व्रत करने से अनंत गुना फल मिलता है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से हजारों यज्ञ के बराबर पुण्य मिलता है। एकादशी व्रत करने से पापों से मुक्ति मिलती है और भगवान विष्णु की कृपा से जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

### ● उत्पन्ना एकादशी पूजन मुहूर्त 2025:

ब्रह्म मुहूर्त- सुबह 04:58 बजे से सुबह 05:51 बजे तक।

अभिजित मुहूर्त- सुबह 11:44 बजे से दोपहर 12:27 बजे तक।

विजय मुहूर्त- दोपहर 01:53 बजे से दोपहर 02:36 बजे तक।

गोधूलि मुहूर्त- शाम 05:27 बजे से शाम 05:54 बजे तक।

अमृत काल- दोपहर 03:42 बजे से शाम 05:27 बजे तक।

**उत्पन्ना एकादशी व्रत पारण का मुहूर्त:** उत्पन्ना एकादशी व्रत का पारण 16 नवंबर 2025, रविवार को किया जाएगा। एकादशी व्रत पारण का शुभ मुहूर्त दोपहर 01 बजकर 10 मिनट से दोपहर 03 बजकर 18 मिनट तक रहेगा।

New Delhi

# मैंने खुद वोट डाला, कोई वोट चोरी नहीं; राहुल के दावों की हरियाणा की महिला ने खोली पोल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 'वोट चोरी' का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव से पहले काफी फर्जी वोट वोटर लिस्ट में जोड़े गए। उनका आरोप है कि एक लोग ने कई-कई वोट डाले हैं। इसके लिए उन्होंने वोटर लिस्ट का उदाहरण दिया, जिसमें एक से अधिक वोटर की एक जैसी तस्वीर थी। हालांकि, मीडिया के पड़ताल में उनका यह दावा गलत साबित हुआ। इंडिया टुडे टीवी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वोटर कार्ड में जिस महिला की तस्वीर को लेकर विवाद खड़ा हुआ था उसने आरोपों को पूरी



तरह बेबुनियाद बताते हुए कहा कि उन्होंने खुद अपना वोट डाला था।

राहुल गांधी ने कल एक तस्वीर दिखाते हुए दावा किया यह ब्राजील की एक महिला की तस्वीर है। पिंकी जोगिंदर कौशिक के वोटर कार्ड पर कथित तौर पर एक ब्राजील मॉडल की तस्वीर दिखाई गई थी। उन्होंने कहा कि यह गड़बड़ी बहुत पहले उनके वोटर कार्ड में हुई थी।

उन्होंने बताया, "मैंने 2024 के चुनाव में खुद जाकर वोट डाला। यहां कोई वोट चोरी नहीं हुई। जब मैंने वोटर कार्ड के लिए आवेदन किया था, तब पहली बार फोटो गलत छपी थी। किसी दूसरी महिला की तस्वीर लग गई थी। हमने कार्ड वापस कर दिया था, लेकिन अब तक नया कार्ड नहीं मिला।

Uttarpradesh

## यूपी में युवक को थर्ड डिग्री!: हिरासत में पीटकर मार डाला... इस आरोप में पूछताछ के लिए ले गए थे, लाश छोड़ भागे



**गोंडा, (एजेंसी)** यूपी के गोंडा जिले से सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां सरसों के तेल की चोरी के आरोप में पूछताछ के लिए लेकर गए अनुसूचित समाज के एक युवक की मौत हो गई। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मियों पर युवक को पीटकर मार डालने का आरोप है। भाई की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने दो दरोगा व दो सिपाहियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरपीएफ ने भी मामले की विभागीय जांच शुरू की है। मोतीगंज के किनकी गांव निवासी संजय कुमार सोनकर (36) के भाई राजू सोनकर ने बताया कि मंगलवार सुबह 11.30 बजे आरपीएफ के तीन जवान घर आए और सरसों तेल चोरी का आरोप लगा छोटे भाई संजय को पूछताछ के लिए साथ ले गए। शाम करीब 4:30 बजे संजय को दोबारा कार से लेकर आए और बरुआ गांव में एक दुकानदार के पास ले गए। वहां आरपीएफ के एसआई सुरेंद्र कुमार, करन सिंह यादव, कांस्टेबल अमित कुमार यादव व एक अन्य ने भाई को बुरी तरह से पीटा। मौत होने पर शव को मेडिकल कालेज में छोड़कर भाग गए। बुधवार सुबह हमें बताया गया कि संजय अस्पताल में भर्ती है। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि संजय की तहरीर पर आरपीएफ के एसआई सुरेंद्र कुमार, करन सिंह यादव, कांस्टेबल अमित कुमार यादव व एक अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

Maharashtra

## मेंहदी लगाकर स्कूल पहुंची 20 छात्राओं को क्लास से निकाला

**मुंबई, (एजेंसी)** चेंबूर स्थित सेंट एंथोनी गर्ल्स हाई स्कूल ने पिछले हफ्ते कुछ छात्राओं को हाथों में मेहंदी लगाने के कारण कक्षाओं में आने से रोक दिया। छात्राओं के अभिभावकों ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई अत्यधिक भेदभावपूर्ण है। उनकी शिकायत के बाद, उत्तरी क्षेत्र शिक्षा निरीक्षक कार्यालय के अधिकारियों ने मामले की जांच के लिए स्कूल का दौरा किया। उत्तरी क्षेत्र शिक्षा निरीक्षक मुश्ताक शेख ने कहा कि जब हमें अभिभावकों से शिकायत मिली, तो हमारे अधिकारियों ने दोनों पक्षों से मुलाकात की। बच्चों ने अपनी कक्षाएं फिर से शुरू कर दी हैं और स्कूल को एक नोटिस भेजकर घटना की पूरी जानकारी मांगी गई है। मुश्ताक शेख के अनुसार, स्कूल प्रबंधन ने किसी भी भेदभाव से इनकार किया। स्कूल ने कहा कि छात्राओं को अनुशासन और समय की पाबंदी जैसे असंबंधित मुद्दों पर कक्षा में प्रवेश करने से रोका गया था, न कि मेहंदी लगाने के लिए।

Chhattisgarh

## अपने ही अंतिम संस्कार में पहुंच गया 'मरा हुआ' युवक, घर में लाश के सामने मचा था रोना धोना

**सूरजपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के मानपुर थाना क्षेत्र से एक अविश्वसनीय मामला सामने आया है। यहां जिस युवक की मौत के बाद उसका क्रियाकर्म चल रहा था, वही युवक अचानक जिंदा घर लौट आया। उसे देखकर परिजन और ग्रामीण दंग रह गए। मामला अब पुलिस के लिए भी पहेली बन गया है।

दरअसल, बीते शनिवार को मानपुर क्षेत्र के एक कुएं में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। पुलिस ने आसपास के इलाकों में शव की पहचान के लिए सूचना भेजी। इस दौरान चंदरपुर (ढुंढरा) निवासी पुरषोत्तम के परिजनों को जब यह जानकारी मिली, तो उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। क्योंकि पुरषोत्तम दो दिन पहले गायब हो गया था और उसकी तलाश जारी थी। ऐसे में परिवार ने उस शव को अपने बेटे का मान लिया।



परिजनों ने शव की शिनाख्त करने के बाद पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया और मर्ग कायम कर शव को दफनाया गया। घर में शोक और क्रियाकर्म का माहौल था, रिश्तेदार जुटे हुए थे। तभी रिश्तेदारों ने बताया कि पुरषोत्तम तो जिंदा उनके घर पर मौजूद है। पहले तो किसी को विश्वास नहीं हुआ, लेकिन जब युवक सचमुच सामने आया, तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

खेल

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान, पंत-आकाश की वापसी

**मुंबई। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। ऋषभ पंत की टीम में वापसी हुई है, जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप भी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। पंत को उपकप्तान की भूमिका मिली है, जबकि शुभमन गिल टीम की अगुआई करेंगे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 14 नवंबर से होगी।**

### करुण नायर को फिर मौका नहीं

टीम में ज्यादातर खिलाड़ी वही हैं, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में टीम का हिस्सा रहे थे। करुण नायर की




एक बार फिर अनदेखी हुई है। वह हाल ही में रणजी ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में दिखे हैं। वहीं, टीम की ओपनिंग की जिम्मेदारी एक बार फिर यशस्वी और राहुल पर ही होगी। सुदर्शन नंबर तीन की भूमिका निभाएंगे। वहीं, नंबर तीन पर सुदर्शन और नंबर चार पर देवदत्त पडिक्कल या ध्रुव जुरेल में से किसी एक को मौका मिल सकता है।

### 14 नवंबर से खेला जाएगा पहला टेस्ट

अक्षर, कुलदीप, सुंदर और जडेजा के रूप में टीम में चार स्पिनर हैं, जबकि बुमराह, सिराज और आकाश के रूप में तीन पेसर हैं। नीतीश पेस बॉलिंग ऑलराउंडर के तौर पर टीम में हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच 14 नवंबर से कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 22 नवंबर से गुवाहाटी में खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें 30 नवंबर से छह दिसंबर तक तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेंगी, फिर नौ दिसंबर से 19 दिसंबर तक दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी।

### भारत-ए टीम भी घोषित

इसके अलावा चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भी भारत-ए टीम घोषित की। टीम की कप्तानी तिलक वर्मा करेंगे, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ उपकप्तान हैं। ये तीनों मुकाबले 13, 16 और 19 नवंबर को खेले जाएंगे।

सिनेमा

## 'कुछ ऐसे सीन थे...', जब शाहरुख संग फिल्म करने में अनकम्फर्टेबल हुईं रवीना, कर दिया था मना



शाहरुख खान और जूही चावला की जोड़ी शुरू से ही दर्शकों की फेवरेट रही है. 90 और 2000 के दशक में जब भी दोनों स्क्रीन पर साथ आए तब उन्होंने जादू बिखेरा. इस प्यारी जोड़ी ने लगभग 8 फिल्में साथ की हैं. लेकिन क्या आपको पता है कि इस लिस्ट की एक फिल्म पहले बॉलीवुड ब्यूटी रवीना टंडन को ऑफर हुई थी? हम बात कर रहे हैं फिल्म 'डर' की, जो 1993 की क्लासिक फिल्म थी और शाहरुख के शानदार करियर में एक मील का पत्थर साबित हुई. जी हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा. एक नए इंटरव्यू में रवीना टंडन ने खुलासा किया कि इस रोमांटिक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म में शाहरुख की क..क..किरण बनने के लिए जूही से पहले उनसे संपर्क किया गया था. रवीना टंडन हाल ही में एक पॉडकास्ट में 'डर' फिल्म को लेकर खुलासा किया. इस पिक्चर में शाहरुख खान, सनी देओल और जूही चावला मुख्य भूमिकाओं में थे. रवीना ने बताया, 'डर सबसे पहले मेरे पास आई थी. तो आप उस वल्गैरिटी की बात कर रहे थे और क्या मैंने ये नहीं किया. तो नहीं, हालांकि वो वल्गर नहीं था, लेकिन कुछ सीन ऐसे थे जिनसे मैं असहज थी. डर में कुछ ऐसे पहले सीन थे जहां, आप जानते हैं, वो था कुछ. दो-तीन सीन थे. स्विमिंग कॉस्ट्यूम मैं कभी पहनकर नहीं जाती थी. मैं कहती थी 'नहीं, मैं स्विमिंग कॉस्ट्यूम नहीं पहनूंगी'. हां, कुछ ऐसे थे, मतलब सीन जिनसे मैं थोड़ी असहज थी.'

## Highlights

1. **Women can now work night shifts in factories across Uttar Pradesh**
2. **Platform ticket sales stopped at 4 railway stations in Delhi till Nov 11**
3. **Army has no religion: Rajnath on Rahul's '10% population' remark**
4. **He gathers info from foreign trips: BJP on Rahul's Brazilian model on Haryana voter list claim**
5. **Nandini increases ghee price by ₹90/litre from today**

# Apple preps a budget Macbook with iPhone chip to rival Google Chromebook

**NEW DEIHI, (Agency).** Apple Inc. is preparing to enter the low-cost laptop market for the first time, developing a budget Mac aimed at luring away customers from Chromebooks and entry-level Windows PCs.



The new device—designed for students, businesses and casual users—will target people who primarily browse the web, work on documents or conduct light media editing, according to people familiar with the matter. Apple is also targeting potential iPad buyers who might prefer a traditional laptop experience instead.

Code-named J700, the machine is currently in active testing at Apple and in early production with overseas suppliers. The Cupertino, California-based company plans to launch it in the first half of next year, said the people, who asked not to be identified because the product hasn't been announced.

An Apple spokesperson declined to comment.

The move would represent a strategic shift for Apple, which has historically focused on premium devices with hefty profit margins. The company also has vowed not to chase market share with lower-end offerings.

But Apple is facing a growing threat from Chromebooks, the low-cost laptops that run Google's Chrome OS. There's also a potential opportunity to entice Windows customers. Microsoft Corp.'s shift to Windows 11 has rankled some users of the previous-generation software and left them without security updates.

Apple plans to sell the new machine for well under $1,000 by using less-advanced components. The laptop will rely on an iPhone processor and a lower-end LCD display. The screen will also be the smallest of any current Mac, coming in at slightly below the 13.6-inch one used in the MacBook Air. This would mark the first time that Apple has used an iPhone processor in a Mac, rather than a chip designed specifically for a computer. But internal tests have shown that the smartphone chip can perform better than the Mac-optimized M1 used in laptops as recently as a few years ago.

# Apple, Google close in on $1-billion/year AI deal to use Gemini for Siri

**NEW DEIHI, (Agency).** Apple Inc. is planning to pay about $1 billion a year for an ultrapowerful 1.2 trillion parameter AI model developed by Alphabet Inc.'s Google that would help run its long-promised overhaul of the Siri voice assistant, according to people with knowledge of the matter.

Following an extensive evaluation period, Apple and Google are finalising a deal that would give Apple access to Google's technology. The iPhone maker is banking on Google's help to rebuild Siri's underlying technology, setting the stage for a new slate of features next year. The Google model's 1.2 trillion parameters—a measure of the AI software's complexity—would dwarf the level of Apple's current models. Apple had previously mulled using other third-party models to handle the task. But after testing Gemini, OpenAI's ChatGPT and Anthropic's Claude, Apple zeroed in on Google earlier this year, Bloomberg News reported at the time. The hope is to use the technology as an interim solution until Apple's own models are powerful enough.



The new Siri is on track for next spring, Bloomberg News has reported. Given the launch is still months away, the plans and partnership could still evolve. Apple and Google spokespeople declined to comment.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

**।। बाबापण्डित ।।**

**(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)**

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

**कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।**

**Email - babapandit.in@gmail.com**


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक